लोक सभा अध्यक्ष मुंबई में 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) का उद्घाटन करेंगे

...

सम्मेलन के दौरान, गणमान्य व्यक्ति लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों का विश्वास मजबूत करने तथा समिति प्रणाली को और अधिक उद्देश्यपूर्ण और प्रभावी बनाने के तौर-तरीकों पर विचार-मंथन करेंगे

...

लोक सभा अध्यक्ष रविवार को समापन सत्र को संबोधित करेंगे

...

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन से पहले भारत के विधायी निकायों के सचिवों का 60वां सम्मेलन होगा

...

नई दिल्ली/मुंबई कैम्प कार्यालय; 25 जनवरी, 2024: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला शनिवार, 27 जनवरी, 2024 को मुंबई, महाराष्ट्र में 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) का उद्घाटन करेंगे।

महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री, श्री एकनाथ शिंदे; राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश; महाराष्ट्र विधान सभा के अध्यक्ष, अधिवक्ता राहुल नार्वेकर; महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति, डॉ. नीलम गोर्हे; राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी; महाराष्ट्र सरकार के मंत्री; महाराष्ट्र विधानमंडल के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे।

इस दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान गणमान्य व्यक्ति निम्नलिखित विषयों पर विचार-मंथन करेंगे: (i) लोकतांत्रिक संस्थानों में लोगों के विश्वास को मजबूत करने के लिए - संसद तथा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के विधानमंडलों में अनुशासन और शालीनता बनाए रखने की आवश्यकता; और (ii) समिति प्रणाली को और अधिक उद्देश्यपूर्ण और प्रभावी कैसे बनाया जाए।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला रविवार, 28 जनवरी 2024 को इस सम्मेलन के समापन सत्र को भी संबोधित करेंगे। महाराष्ट्र विधान सभा के अध्यक्ष, अधिवक्ता राहुल नार्वेकर; महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति, डॉ. नीलम गोर्हे; राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी; महाराष्ट्र सरकार में मंत्री; महाराष्ट्र विधानमंडल के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे।

84वेंअखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) से पहले 27 जनवरी, 2024 को भारत के विधायी निकायों के सचिवों का 60वां सम्मेलन होगा। लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह भारत के विधायी निकायों के सचिवों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे जिसमें वे 'विधानमंडल में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने' के विषय पर चर्चा करेंगे।